रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-73

REGISTERED NO. D. (D. N.)—73

B 6684

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 14] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 7, 1984/चैत्र 18, 1906

No. 14] NEW DELHI, SATURDAY, APRIL 7, 1984/CHAITRA 18, 1906

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों द्वारा जारी किये गये सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं
Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय

(कंपनी कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 22 मार्च, 1984

का०आ० 1126.—एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार अधिनियम, 1969 (1969 का 54) की धारा 26 की उप-धारा (3) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा मैसर्स दकन फाइबर ग्लास लिमिटेड, जिसका पंजीकृत कार्यालय, 8वी मंजिल (वेस्टर्न विंग)" परिश्रमा भवनम्", 5-9-58 बी बशीरबाग, हैदराबाद-500029 के कथित अधिनियम के अंतर्गत पंजीकरण (पंजीकरण प्रमाण-पत्र संख्या 1669/83) के निरस्तीकरण को अधिसूचित करती है।

[[illegible]]

MINISTRY OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS

(Department of Company Affairs)

New Delhi, the 22nd March, 1984

S.O. 1126.—In pursuance of Sub-section (3) of Section 26 of the Monopolies and Restrictive Trade Practices Act, 1969 (54 of 1969), the Central Government hereby notifies the cancellation of the registration of M/s. Deccan Fibre Glass Limited, having its registered Office at 8th Floor (Western Wing) 'Parisrama Bhavanam", 5-9-58/B, Bashirbagh, Hyderabad-5000029, under the said Act (Certificate of Registration No. 1669/83).

[No. 16/44/83-M-III]

का० आ० 1127.—एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार अधिनियम, 1969 (1969 का 54) की धारा 26 की उप-धारा (3) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा मैसर्स कैलाश कास्टिंग्स प्राइवेट लिमिटेड, जिसका पंजीकृत कार्यालय डी-1/25-26, एमआईडीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, चींचवाड, पूना-411019, के कथित अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकरण (पंजीकरण प्रमाण-पत्र संख्या 1650/83) के निरस्तीकरण को अधिसूचित करती है।

[सं० 16/2/84/-एम-3]

S.O. 1127.—In pursuance of Sub-section (3) of Section 26 of the Monopolies and Restrictive Trade Practices Act, 1969 (54 of 1969), the Cent'al Government hereby notifies the cancellation of the registration of M/s. Kailas Castings Private Limited, having its registered Office at D-1/25-26, MIDC Industrial Area Chinchwad, Poona-411019 under the said Act (Certificate of Registration No. 1650/83).

[No. 16/2/84-M. III]

का०आ० 1128—एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार अधिनियम, 1969 (1969 का 54) की धारा 26 की उप-धारा (3) के अनुसरण के केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा मैसर्स [illegible] फाइन केमीकल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, जिसका पंजीकृत कार्यालय, 97-ई, भोसारी इंडस्ट्रीयल एरिया, पूना-411026, के कथित अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकरण (पंजीकरण प्रमाण-पत्र संख्या [illegible]/83) के निरस्तीकरण को अधिसूचित करती है।

[संख्या 16/2/84-एम-3]

के० पी० गुप्त, निदेशक

1592 GI/83—1

S.O. 1128.—In pursuance of Sub-section (3) of Section 26 of the Monopolies and Restrictive Trade Practices Act, 1969 (54 of 1969), the Central Government hereby notifies the cancellation of the registration of M/s. Tulsi Fine Chemical Industries Private Limited, having its registered Office at 97-E, Bhosari Industrial Area, Poona-411026, under the said Act (Certificate of Registration No. 1648/83).

[No. 16/2/84-M-III]

V. P. GUPTA, Director.

गृह मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग)

नई दिल्ली, 19 मार्च, 1984

का० आ० 1129.—केन्द्रीय सरकार, दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) की धारा 24 की उपधारा (8) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, श्री एन० एस० माथुर, अधिवक्ता को दिल्ली जिला और सेशन न्यायाधीश के न्यायालय में विशेष पुलिस स्थापना नियमित मामला आर० सी० 2/80 सी० आई० यू० (ए) में अभियुक्तों के और दिल्ली उच्च न्यायालय में इस मामले से उत्पन्न विषयों के अभियोजन के संचालन के लिए विशेष लोक अभियोजक नियुक्त करती है।

[सं० 225/2/84-ए०वी०डी०-II(ii)]

एच० के० वर्मा, अवर सचिव

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

(Department of Personnel and Administrative Reforms)

New Delhi, the 19th March, 1984

S.O. 1129.—In exercise of the powers conferred by sub-section (8) of Section 24 of the Code of Criminal Procedure, 1973 (2 of 1974), the Central Government hereby appoints Shri N. S. Mathur Advocate, as Special Public Prosecutor for conducting the prosecution of the accused in the Delhi Special Police Establishment Regular Case R.C. 2/80 CIU (A) in the Court of District and Sessions Judge, Delhi as well as in the Delhi High Court in the matters arising out of this case.

[No. 225/2/84-AVD. II(ii)]

H. K. VERMA, Under Secy.

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

नई दिल्ली, 9 मार्च, 1984

प्रधान कार्यालय संस्थापन

का० आ० 1130.—केन्द्रीय राजस्व बोर्ड अधिनियम, (1963 का संख्यांक 54) की धारा 3 के उपखंड (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा भारतीय राजस्व सेवा (आयकर) के अधिकारी श्री डी० आर० चक्रवर्ती को, जो पिछले दिनों मुख्य आयुक्त प्रशासन) और आयकर आयुक्त, पश्चिम बंगाल-I, कलकत्ता के रूप में तैनात, 2 मार्च, 1984 के पूर्वाह्न से केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के सदस्य के रूप नियुक्त करती है।

[फा० सं० ए-19011/1/84-प्रशा० I]

जी० एस० मेहरा, उप सचिव

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue)

New Delhi, the 9th March, 1984

HEADQUARTERS ESTABLISHMENT

S.O. 1130.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 3 of the Central Boards of Revenue Act, 1963 (No. 54 of 1963), the Central Government hereby appoints Shri D. R. Chakraborty, an officer of the Indian Revenue Service (Income-tax) & lately posted as Chief Commissioner (Admn.) & Commissioner of Income-tax, West Bengal-I, Calcutta, as Member of the Central Board of Direct Taxes with effect from the forenoon of the 2nd March, 1984.

[F. No. A-19011/1/84-Ad. I]

G. S. MEHRA, Dy. Secy.

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड

नई दिल्ली, 7 फरवरी, 1984

आयकर

का० आ० 1131.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 121क की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और पहले जारी की गई अधिसूचना में आंशिक संशोधन करते हुए, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड एतद्द्वारा निदेश देता है कि नीचे दी गई अनुसूची के स्तम्भ (1) में विनिर्दिष्ट अधिकार क्षेत्रों के आयकर आयुक्त (अपील), अनुसूची के स्तम्भ (2) की तत्संबंधी प्रविष्टियों में विनिर्दिष्ट आयकर बोर्डों, परिमण्डलों, जिलों और रेंजों में आयकर अथवा अतिकर या ब्याज कर से निर्धारित ऐसे व्यक्तियों के बारे में, जो आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 246 की उपधारा (2) के खंड (क) से (ज), कम्पनी (लाभ) अतिकर अधिनियम, 1964 (1964 का 7) की धारा 11 की उपधारा (1) तथा ब्याजकर अधिनियम, 1974 (1974 का 45) की धारा 15 की उपधारा (1) में उल्लिखित किसी भी आदेश से व्यथित हुए हैं, और ऐसे व्यक्तियों या व्यक्तियों की श्रेणियों की बाबत भी, जिनके लिए बोर्ड ने आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 246 की उपधारा (2) के खंड (1) के उपबंधों के अनुसार निदेश दिया है या भविष्य में निदेश दें, कार्य निर्वहन करेंगे,

अनुसूची

अधिकार क्षेत्र तथा प्रधान कार्यालय	आयकर बार्ड तथा परिमंडलों/जिला/रेंज
1	2
1. आयकर आयुक्त (अपील)-I नई दिल्ली	1. निरीक्षी सहायक आयुक्त, रेंज, XVII नई दिल्ली (पहले निरीक्षी सहायक आयुक्त, रेंज VI-क नई दिल्ली के तौर पर पदनामित था और इसमें वे सभी वार्ड/परिमंडल/जिले आते हैं जो उस रेंज के क्षेत्राधिकार में हैं।
	2. निरीक्षी सहायक आयुक्त, रेंज VI-क, नई दिल्ली (पहले निरीक्षी सहायक आयुक्त रेंज-I ख, नई दिल्ली के रूप में पदनामित था) और उस रेंज के क्षेत्राधिकार में आने वाले सभी वार्ड/परिमंडल/जिले।
	3. निरीक्षी सहायक आयुक्त, VI-ग, नई दिल्ली (पहले निरीक्षी सहायक आयुक्त, रेंज-I ग, नई (दिल्ली के तौर पर पदनामित था) और उस रेंज के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले सभी वार्ड परिमंडल/जिले।

1	2
	4. निरीक्षी सहायक आयुक्त, कंम्पनी रेंज II, नई दिल्ली पहले निरीक्षी सहायक आयुक्त, रेंज I घ, नई दिल्ली के तौर पर पदनामित था) और उस रेंज के क्षेत्राधिकार में आने वाले सभी वार्ड/परिमंडल/जिले।
	5. निरीक्षी सहायक आयुक्त (निर्धारण) रेंज XIII नई दिल्ली तथा उस रेंज के क्षेत्राधिकार में आने वाले सभी वार्ड/परिमण्डल/जिले।
2. आयकर आयुक्त (अपील)-V नई दिल्ली।	1. निरीक्षी सहायक आयुक्त (निर्धारण), रेंज XVIII नई दिल्ली (पहले कंपनी परिमंडल XXI, नई दिल्ली के तौर पर पदनामित था) तथा उस रेंज के क्षेत्राधिकार में आने वाले सारे वार्ड परिमंडल/जिले,
	2. निरीक्षी सहायक आयकर आयुक्त, रेंज IV-क, नई दिल्ली तथा इसके क्षेत्राधिकार में आने वाले सारे वार्ड/परिमंडल/जिले।
	3. निरीक्षी सहायक आयुक्त, रेंज IV-ख नई दिल्ली तथा इसके क्षेत्राधिकार में आने वाले सारे वार्ड/परिमण्डल/जिले।
	4. निरीक्षी सहायक आयुक्त, कंपनी रेंज-I, नई दिल्ली (पहले निरीक्षी सहायक आयुक्त, रेंज-Iक, नई दिल्ली के तौर पर पदनामित था) तथा इस के क्षेत्राधिकार में आने वाले सभी वार्ड/परिमंडल/जिले।
	5. निरीक्षी सहायक आयुक्त (निर्धारण) रेंज I, नई दिल्ली (पहले निरीक्षी सहायक आयुक्त रेंज I-क , नई दिल्ली के तौर पर पदनामित था) तथा इस रेंज के क्षेत्राधिकार में आने वाले सभी वार्ड/परिमण्डल/जिले।
	6. निरीक्षी सहायक आयुक्त, (निर्धारिण) रेंज ii-च, नई दिल्ली के तौर पर। पदनामित था) तथा इस रेंज के क्षेत्राधिकार में आने वाले सभी वार्ड/परिमंडल/जिले

यतः, जहां कोई आयकर परिमंडल, वार्ड अथवा जिला अथवा उसका कोई भाग इस अधिसूचना द्वारा एक रेंज से किसी अन्य रेंज में अन्तरित कर दिया गया हो, अतः वहां उस आयकर वार्ड/परिमंडल, अथवा जिले अथवा रेंज अथवा उसके किसी भाग में किये गये कर निर्धारणों से उत्पन्न होने वाली और इस अधिसूचना की तारीख से तत्काल पूर्व, रेंज के उस आयकर आयुक्त (अपील) के समक्ष विचाराधीन पड़ी अपीलें, जिसके अधिकार क्षेत्र में उक्त आयकर वार्ड, परिमण्डल, जिला अथवा रेंज अथवा उसका कोई भाग अंतरित किया गया हो, इस अधिसूचना के लागू होने की तारीख से रेंज के उस आयकर आयुक्त (अपील) को अन्तरित की जायेंगी और उसके द्वारा निपटाई जायेंगी जिसके अधिकार क्षेत्र में उक्त वार्ड, परिमण्डल, जिला, रेंज अथवा उसका कोई भाग, अन्तरित किया गया है

यह अधिसूचना 21-8-1983 से प्रभावी है।

[सं० 5614 फा० /सं० 261/10/83-आ०क० -या०]

के० एम० सुल्तान, अवर सचिव,
केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड

CENTRAL BOARD OF DIRECT TAXES

New Delhi, the 7th February, 1984

(INCOME-TAX)

S.O. 1131:—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 121-A of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961) and in partial modification of the notifications issued earlier, the Central Board of Direct Taxes hereby directs that the Commissioners of Income-tax (Appeals) of the charges specified in column No. 1 of the Schedule below, shall perform their functions in respect of such persons assessed to Income-tax or surtax or interest tax in the Income-tax Wards, Circles, Districts and Ranges specified in the corresponding entries in column 2 thereof as are aggrieved by any of the orders mentioned in clauses (a) to (h) of sub-section (2) of section 246 of the Income-tax Act, 1961, in sub-section (1) of section 11 of Companies (Profits) Surtax Act, 1964 (7 of 1964) and in sub-section (1) of section 15 of the Interest Tax Act, 1974 (45 of 1974) and also in respect of such persons or classes of persons as the Board has directed or may direct in future in accordance with the provisions of clause (1) of sub-section (2) of section 246 of the Income-tax, Act, 1961.

SCHEDULE

Charges with Headquarers	Income-tax Wards/Circles/ Districts/Ranges
1	2
1. Commissioner of Income-tax (Appeals)-I, New Delhi	1. IAC (Assessment), Range-XVII, New Delhi (formerly designated as IAC, Range-VI-A, New Delhi) and all Wards/Circles/Districts within the jurisdiction of that Range.
	2. IAC, Range-VI-B, New Delhi (formerly designated as IAC, Range-I-B, New Delhi) and all Wards/Circles/Districts within the jurisdiction of that Range
	3. IAC, Range-VI-C, New Delhi (formerly designated as IAC, Range-I-C, New Delhi) and all Wards/Circles/Districts within the jurisdiction of that Range.
	4. IAC, Companies Range-II, New Delhi (formerly designated as IAC, Rango-I-D, New Delhi) and all Wards/Circles/Districts within the jurisdiction of that Range.
	5. IAC (Assessment) Range-XIII, New Delhi and all Wards/Circles/Districts within the jurisdiction of that Range.
2. Commissioner of Income-tax (Appeals)-V, New Delhi	1. IAC (Assessment) Range XVIII, New Delhi (formerly designated as Company Circle-XXI, New Delhi) and all Wards/Circles/Districts within the jurisdiction of that Range

1	2
	2. IAC, Range-IV-A, New Delhi and all wards/Circles Districts within the jurisdiction of that Range.
	3. IAC, Range-IV-B, New Delhi and all Wards/Districts/Circles within the jurisdiction of that Range.
	4. IAC, Companies Range-I, New Delhi (formerly designated as IAC, Range-I I-A, New Delhi) and all Wards/Circles/District within the jurisdiction of that Range.
	5. IAC (Assessment) Range-I, New Delhi (formerly designated as IAC, Range-I-E, New Delhi) and all Wards/Circles / Districts within the jurisdiction of that Range.
	6. IAC (Assessment), Range-II, New Delhi (formerly designated as IAC, Range-I-F, New Delhi and all Wards / Circles / Districts within the jurisdiction of that Range.

Whereas Income-tax Ward, Circle, District or Range or part thereof stands transferred by this Notification from one charge to another charge, appeals arising out of assessments made in that Income-tax Ward, Circle, District or Range or part thereof and pending immediately before the date of this Notification before the Commissioner of Income-tax (Appeals of the Charge from whom the Income-tax Ward, Circle, District or Range or part thereof is transferred, are to be dealt with by the Commissioner of Income-tax (Appeals) of the charge to whom the said Ward, Circle, District or Range or part thereof is transferred.

This notification shall take effect retrospectively from 21-8-1983.

[No. 5614 (F. No. 261/10/83-ITJ)
K.M. SULTAN, Under Secy.
Central Board of Direct Taxes

नई दिल्ली, 13 मार्च, 1984

(आयकर)

का०आ० 1132—यतः, आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 121 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने गुजरात-I, गुजरात-II, गुजरात-III, बड़ौदा, सूरत तथा राजकोट के आयकर आयुक्तों के समवर्ती क्षेत्राधिकार आयकर आयुक्त (जांच), गुजरात, अहमदाबाद को प्रदत्त किये हैं, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड द्वारा 121 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और इस संबंध में सभी पूर्ववर्ती आदेशों का अधिक्रमण करते हुए, एतद्द्वारा निदेश देता है कि इसके साथ संलग्न अनुसूची के स्तम्भ (1) में विनिर्दिष्ट आयकर आयुक्त, जिसका प्रधान कार्यालय उक्त अनुसूची के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट है, उक्त अनुसूची के स्तम्भ (3) में यथाउल्लिखित मामलों अथवा मामलों की श्रेणियों के संबंध में अकेले कार्यों का निर्वहण करेगा और गुजरात-I, गुजरात-II, गुजरात-III, बड़ौदा, सूरत तथा राजकोट के आयकर आयुक्त उक्त अनुसूची के स्तम्भ (3) में यथाउल्लिखित मामलों अथवा मामलों की श्रेणियों के संबंध में कार्य नहीं करेंगे ।

अनुसूची

आयकर आयुक्त	प्रधान कार्यालय	क्षेत्राधिकार
1	2	3
जांच, गुजरात, अहमदाबाद	अहमदाबाद	(क) विशेष परिमंडल, अहमदाबाद सर्वेक्षण परिमंडल, अहमदाबाद विशेष सर्वेक्षण परिमंडल, राजकोट विशेष सर्वेक्षण परिमंडल, बड़ौदा विशेष सर्वेक्षण परिमंडल, सूरत विशेष सर्वेक्षण परिमंडल, जामनगर सर्वेक्षण परिमंडल और विशेष सर्वेक्षण परिमंडल का क्षेत्राधिकार निम्नलिखित मामलों के संबंध में आयकर आयुक्त (जांच) द्वारा उन्हें सौंपे गये प्रादेशिक क्षेत्रों में निहित होगा :— (क) वे सभी नये मामले, जहां विवरणियां स्वेच्छा या दाखिल की गई हों और जिनमें विगत में कोई कर निर्धारण नहीं किया गया हो। (ख) वे सभी नये मामले, जिनमें पहले कोई कर-निर्धारण नहीं किया गया हो और जिनमें धारा 139(2)/148 के अन्तर्गत नोटिस जारी किये जाने हों । परन्तु सर्वेक्षण परिमंडल के आ०क० अधिकारी ऐसे मामलों के संबंध में क्षेत्राधिकार नहीं रखेंगे, जहां प्रत्येक वर्ष 1 अप्रैल से पूर्व कम से कम एक कर निर्धारण पूरा कर लिया गया हो और ऐसे मामले उस तारीख से गुजरात-I, गुजरात-II, गुजरात-III, बड़ौदा, राजकोट और सूरत के आयकर आयुक्तों के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत आने वाले राज्य क्षेत्रीय आ०क० अधिकारियों को अंतरित समझे जायेंगे । (ख) आयकर आयुक्त, गुजरात-I, गुजरात-II, गुजरात-III, बड़ौदा, सूरत तथा राजकोट के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्रों के संबंध में सर्वेक्षण की सामान्य शक्तियां ।

1	2	3
		(ग) सर्वेक्षण से अथवा अन्यथा उत्पन्न होने वाले नये मामलों के निपटान के लिये आयकर आयुक्त (जांच) द्वारा, उसे धारा 124(1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अन्तर्गत, सृजित कोई परिमंडल तथा अधिसूचित की जाने वाली तारीख से ऐसे मामलों के संबंध में राज्य क्षेत्रीय आ० क० अधिकारियों का कोई क्षेत्राधिकार नहीं रहेगा। तथापि, कंपनियों, लोक पूर्त न्यासों, वेतन भोगी कर-निर्धारितियों और वापसी परिमंडलों के अन्तर्गत आने वाले मामलों के संबंध में क्षेत्राधिकार यथापूर्व निहित रहेगा।

यह अधिसूचना 1 अप्रैल, 1984 से लागू होगी।

[सं० 5714/फा०सं० 187/27/83-आ०क० (नि०-I)]

आर०के० तिवारी, अवर सचिव,
केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर-बोर्ड

New Delhi, the 13th March, 1984

Income-Tax

S.O. 1132.—Whereas in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 121 of the I.T. Act, 1961 (43 of 1961), the Central Board of Direct Taxes have conferred on Commissioner of Income-tax (Investigation) Gujarat, Ahmedabad jurisdiction concurrent with those of the Commissioners of Income-tax, Gujarat-I, Gujarat-II, Gujarat-III, Baroda, Surat and Rajkot the Central Board of Direct Taxes in exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 121 and in supersession of all previous orders in this regard, hereby directs that the Commissioner of Income-tax specified in Column (1) of the Schedule hereto annexed with head-quarters specified in Column (2) thereof shall alone perform function in respect of such cases or classes of cases as are referred to in Column (3) of the said schedule and the Commissioners of Income-tax, Gujarat-I, Gujarat-II, Gujarat-III, Baroda, Surat and Rajkot shall not exercise functions over the cases or classes of cases as are referred to in Column (3) of the said Schedule.

SCHEDULE

Commissioner of Income-tax	Headquarter	jurisdiction
1	2	3
Investigation Gujarat, Ahmedabad.	Ahmedabad	(A) Special Circles, Ahmedabad. Survey Circles, Ahmedabad. Special Survey Circle, Rajkot. Special Survey Circles Baroda Special Survey Circle, Surat Special Survey Circle, Jamnagar. The jurisdiction of the Survey Circles and Special Survey Circles will be in the territorial areas assigned to them by the Commissioner of Income-tax (Investigation) over :—
		(a) All new cases where returns are filed voluntarily and in which no assessment has been framed in the past. (b) All new cases where no assessments have been framed in the past and where notices under section 139 (2)/148 are to be issued. Provided that the I.T.Os Survey Circles will cease to have jurisdiction over such cases where at least one assessment has been made before 1st April of each year and such cases will stand transferred to the territorial I.T.Os within jurisdiction of Commissioners of Income-tax-Gujarat-I, Gujarat-II, Gujarat-III, Baroda, Rajkot and Surat on that date. (B) General powers of survey in respect of areas comprised in the jurisdiction of Commissioners of Income-tax, Gujarat-I, Gujarat-II, Gujarat III, Baroda, Surat and Rajkot. (C) Any Circles created by Commissioner of Income-tax (Investigation) under the powers vested in him by Section 124(1) to deal with new cases arising out of survey or otherwise and the territorial I.T.O. will have no jurisdiction over such cases from the date to be notified. However, in respect of companies, Public Charitable Trusts Salaried assessees and cases falling under the refund circles, the jurisdiction will continue to vest as hitherto before.

This notification shall take effect from 1st April, 1984.

[No. 5714 (F. No. 187/27/83-IT(AI)]

R. K. TEWARI, Under Secy
Central Board of Direct Taxes

(आर्थिक कार्य विभाग)

(बैंकिंग प्रभाग)

नई दिल्ली, 14 मार्च, 1984

का०आ० 1133—राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध और प्रकीर्ण उपबंध) योजना 1970 की धारा 3 की उपधारा (ज) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार,

श्री प्रेम प्रकाश शर्मा के स्थान पर वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, नई दिल्ली के संयुक्त सचिव श्री वी०के० सिबल को एतद्द्वारा केनरा बैंक के निदेशक के रूप में नियुक्त करती है ।

[संख्या एफ० 9/46/83-बी०ओ०-I(1)]

गुरदेव सिंह, अवर सचिव

(Department of Economic Affairs)

(Banking Division)

New Delhi, the 14th March, 1984

S.O. 1133.—In pursuance of sub-clause (h) of clause 3 of the Nationalised Banks (Management & Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970, the Central Government hereby appoints Shri V. K. Sibal, Joint Secretary, Ministry of Finance, Department of Economic Affairs, New Delhi as a Director of the Canara Bank vice Shri P. P. Sharma.

[No. F. 9/46/83-BO. I(1)]

GURDEV SINGH, Under Secy.

नई दिल्ली, 14 मार्च, 1984

का०आ० 1134.—राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध और प्रकीर्ण उपबंध) योजना 1970 की धारा 3 की उपधारा (ज) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार, श्री अरुण सिन्हा के स्थान पर वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, नई दिल्ली के संयुक्त सचिव श्री अशोक कुमार को एतद्द्वारा यूनाइटेड बैंक आफ इण्डिया के निदेशक के रूप में नियुक्त करती है।

[सं० एफ० 9/46/83-बी०ओ०-I(2)]

New Delhi, the 14th March, 1984

S.O. 1134.—In pursuance of sub-clause (h) of clause 3 of the Nationalised Banks (Management & Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970, the Central Government hereby appoints Shri Ashok Kumar, Joint Secretary, Ministry of Finance, Department of Economic Affairs, New Delhi as a Director of the United Bank of India vice Shri Arun Sinha.

[No. F. 9/46/83-BO. I(2)]

का०आ० 1135.—राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध और प्रकीर्ण उपबन्ध) योजना 1970 की धारा 3 की उपधारा (ज) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार, श्री अरुण सिन्हा के स्थान पर वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, नई दिल्ली की उप सचिव सुश्री ताजवर रहमान को एतद्द्वारा देना बैंक के निदेशक के रूप में नियुक्त करती है।

[सं० एफ० 9/46/83-बी०ओ०-I(3)]

S.O. 1135.—In pursuance of sub-clause (h) of clause 3 of the Nationalised Banks (Management & Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970 the Central Government hereby appoints Sushri Tajwar Rahman, Deputy Secretary, Ministry of Finance, Department of Economic Affairs, New Delhi as a Director of the Dena Bank vice Shri Arun Sinha.

[No. F. 9/46/83-BO. I(3)]

का०आ० 1136.—राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध और प्रकीर्ण उपबन्ध) योजना, 1970 की धारा 3 की उपधारा (ज) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार, श्री अशोक कुमार के स्थान पर वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग नई दिल्ली के संयुक्त सचिव श्री देवेन्द्र राज मेहता को एतद्द्वारा यूनियन बैंक आफ इंडिया के निदेशक के रूप में नियुक्त करती है।

[संख्या एफ० 9/46/83-बी०ओ०-I(5)]

S.O. 1136.—In pursuance of sub-clause (h) of clause 3 of the Nationalised Banks (Management & Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970, the Central Government hereby appoints Shri Devendra Raj Mehta, Joint Secretary, Ministry of Finance, Department of Economic Affairs, New Delhi as a Director of the Union Bank of India vice Shri Ashok Kumar.

[No. F. 9/46/83-BO. I(5)]

का०आ० 1137.—राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध और प्रकीर्ण उपबन्ध) योजना 1970 की धारा 3 की उपधारा (ज) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार, श्री एस०एस० हसूरकर के स्थान पर वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, नई दिल्ली के संयुक्त सचिव श्री अशोक कुमार को एतद्द्वारा सिंडीकेट बैंक के निदेशक के रूप में नियुक्त करती है।

[संख्या एफ० 9/46/83-बी०ओ०-I(4)]

S.O. 1137.—In pursuance of sub-clause (h) of clause 3 of the Nationalised Banks (Management & Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970, the Central Government hereby appoints Shri Ashok Kumar, Joint Secretary, Ministry of Finance, Department of Economic Affairs, New Delhi as a Director of the Syndicate Bank vice Shri S. S. Hasurkar.

[No. F. 9/46/83-BO. I(4)]

का०आ० 1138.—राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध और प्रकीर्ण उपबन्ध) योजना 1970 की धारा 3 की उपधारा (ज) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार, श्री देवेन्द्र राज मेहता के स्थान पर वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (बैंकिंग प्रभाग) नई दिल्ली के संयुक्त सचिव श्री अशोक चन्द्र को एतद्द्वारा बैंक आफ महाराष्ट्र के निदेशक के रूप में नियुक्त करती है।

[संख्या एफ०-9/46/83-बी०ओ०-I(6)]

S.O. 1138.—In pursuance of sub-clause (h) of clause 3 of the Nationalised Banks (Management & Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970, the Central Government hereby appoints Shri Ashok Chandra, Joint Secretary, Ministry of Finance, Department of Economic Affairs (Banking Division), New Delhi as a Director of the Bank of Maharashtra vice Shri Devendra Raj Mehta.

[No. F. 9/46/83-BO. I(6)]

का०आ० 1139.—राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध और प्रकीर्ण उपबन्ध) योजना 1980 की धारा 3 की उपधारा (ज) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार, श्री अशोक चन्द्र के स्थान पर वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, नई दिल्ली के उप सचिव श्री प्रेम प्रकाश शर्मा को एतद्द्वारा आन्ध्र बैंक के निदेशक के रूप में नियुक्त करती है।

[संख्या एफ० 9/46/83-बी०ओ०-I(7)]

S.O. 1139.—In pursuance of sub-clause (h) of clause 3 of the Nationalised Banks (Management & Miscellaneous Provisions) Scheme, 1980, the Central Government hereby appoints Shri Prem Prakash Sharma, Deputy Secretary, Ministry of Finance, Department of Economic Affairs, New Delhi as a Director of the Andhra Bank vice Shri Ashok Chandra.

[No. F. 9/46/83-BO. I(7)]

का०आ० 1140.—राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध और प्रकीर्ण उपबन्ध) योजना 1980 की धारा 3 की उपधारा (ज) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार, श्री च०वा० मीरचन्दानी के स्थान पर वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (बैंकिंग प्रभाग) नई दिल्ली के निदेशक श्री एस०एस० हसूरकर को एतद्द्वारा कारपोरेशन बैंक के निदेशक के रूप में नियुक्त करती है।

[संख्या एफ०-9/46/83-बी०ओ०-I(8)]

बी० के० सिबल, संयुक्त सचिव

S.O. 1140.—In pursuance of sub-clause (h) of clause 3 of the Nationalised Banks (Management & Miscellaneous Provisions) Scheme, 1980, the Central Government hereby appoints Shri S. S. Hasurkar, Director, Ministry of Finance, Department of Economic Affairs (Banking Division), New Delhi as a Director of the Corporation Bank vice Shri C. W. Mirchandani.

[No. F. 9/46/83-BO. I(8)]

V. K. SIBAL, Jt. Secy.

का०आ० 1141.—राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबन्ध और प्रकीर्ण उपबन्ध) योजना 1980 की धारा 3 की उपधारा (ज) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार, श्री वी०के० सिबल के स्थान पर वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (बैंकिंग प्रभाग) नई दिल्ली के निदेशक श्री एन० बालसुब्रह्मण्यन को एतद्द्वारा न्यू बैंक आफ इंडिया के निदेशक के रूप में नियुक्त करती है।

[सं० एफ० 9/46-83-बी०ओ०-I(9)]

गुरदेव सिंह, अवर सचिव

S.O. 1141.—In pursuance of sub-clause (h) of clause 3 of the Nationalised Banks (Management and Miscellaneous Provisions) Scheme, 1980, the Central Government hereby appoints Shri N. Balasubramanian, Director, Ministry of Finance, Department of Economic Affairs, (Banking Division), New Delhi as a Director of the New Bank of India vice Shri V. K. Sibal.

[No. F. 9/46/83-BO. I(9)]

GURDEV SINGH, Under Secy.

का०आ० 1142.—राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध और प्रकीर्ण उपबन्ध) योजना 1980 की धारा 3 की उपधारा (ज) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार, श्री देवेन्द्र राज मेहता के स्थान पर वित्त मंत्रालय आर्थिक कार्य विभाग (बैंकिंग प्रभाग) नई दिल्ली के निदेशक श्री एस०एस० हसूरकर को एतद्द्वारा ओरियंटल बैंक आफ कामर्स के निदेशक के रूप में नियुक्त करती है।

[संख्या एफ० 9/46-83-बी०ओ०-1(10)]

S.O. 1142.—In pursuance of sub-clause (h) of clause 3 of the Nationalised Banks (Management & Miscellaneous Provisions) Scheme, 1980, the Central Government hereby appoints Shri S. S. Hasurkar, Director, Ministry of Finance, Department of Economic Affairs (Banking Division), New Delhi as a Director of the Oriental Bank of Commerce vice Shri D. R. Mehta.

[No. F. 9/46/83-BO. I(10)]

का०आ० 1143.—राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंध और प्रकीर्ण उपबन्ध) योजना 1980 की धारा 3 की उपधारा (ज) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार, श्री अरुण सिन्हा के स्थान पर वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (बैंकिंग प्रभाग) नई दिल्ली के संयुक्त सचिव श्री अशोक चन्द्र को एतद्द्वारा पंजाब एण्ड सिंध बैंक के निदेशक के रूप में नियुक्त करती है।

[संख्या एफ० 9/46/83-बी०ओ०-I(11)]

बी० के० सिबल, संयुक्त सचिव

S.O. 1143.—In pursuance of sub-clause (h) of clause 3 of the Nationalised Banks (Management & Miscellaneous Provisions) Scheme, 1980, the Central Government hereby appoints Shri Ashok Chandra, Joint Secretary, Ministry of Finance, Department of Economic Affairs (Banking Division), New Delhi as a Director of the Punjab and Sind Bank vice Shri Arun Sinha.

[No. F. 9/46/83-BO. I(11)]

V. K. SIBAL, Jt. Secy.

वाणिज्य मंत्रालय

आदेश

नई दिल्ली, 7 अप्रैल, 1984

का० आ० 1144.—केन्द्रीय सरकार की निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह राय है कि भारत के निर्यात व्यापार के विकास के लिये ऐसा करना आवश्यक और समीचीन है कि घरेलू विद्युत् उपकरणों का निर्यात से पूर्व निरीक्षण किया जाये;

और केन्द्रीय सरकार ने उक्त प्रयोजन के लिये नीचे विनिर्दिष्ट प्रस्ताव बनाये हैं और उन्हें निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1964 के नियम 11 के उप-नियम (2) की अपेक्षानुसार निर्यात निरीक्षण परिषद् को भेज दिया है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार उक्त उप-नियम के अनुसरण में और भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचनाओं सं० का०आ० 2304 तारीख 16 जुलाई, 1977 और का०आ० 1593 तारीख 19 मई, 1979 को अधिक्रांत करते हुए, उक्त प्रस्तावों को उन व्यक्तियों की जानकारी के लिये प्रकाशित करती है, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है।

2. सूचना दी जाती है कि उक्त प्रस्तावों के बारे में कोई आक्षेप या सुझाव भेजने का इच्छुक कोई व्यक्ति उन्हें इस आदेश के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से पैंतालीस दिनों के भीतर निर्यात निरीक्षण परिषद्, प्रगति टावर, (11वीं मंजिल) 26, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110008, को भेज सकता है।

प्रस्ताव

(1) यह अधिसूचित करना कि घरेलू विद्युत् उपकरणों का निर्यात से पूर्व क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण किया जायेगा;

(2) क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के प्रकार को इस आदेश के उपाबन्ध 'क' में दिये गये घरेलू विद्युत् उपकरण निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1983 के प्रारूप के अनुसार क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के ऐसे प्रकार के रूप में विनिर्दिष्ट करना जो निर्यात से पूर्व ऐसे घरेलू विद्युत् उपकरण को लागू होगा।

(3) राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय मानकों और निर्यात निरीक्षण परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य निकायों के मानकों को घरेलू विद्युत् उपकरण के लिये मानक विनिर्देशों के रूप में मान्यता देना।

(4) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के अनुक्रम में ऐसे घरेलू विद्युत् उपकरणों के निर्यात को तब तक प्रतिषिद्ध करना जब तक कि उनके साथ निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 7 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा स्थापित या मान्यताप्राप्त अभिकरणों में से किसी एक के द्वारा जारी किया गया इस आशय का प्रमाण-पत्र न हो कि ऐसे घरेलू विद्युत् उपकरण क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण से संबंधित शर्तों को पूरा करते हैं और निर्यात योग्य हैं या उन पर उक्त अधिनियम की धारा 8 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त चिन्ह या मोहर लगा है;

2. इस आदेश की कोई बात भावी खेपों को भूमि, समुद्री या वायु मार्ग द्वारा घरेलू विद्युत् उपकरण के वास्तविक नमूनों के निर्यात को लागू नहीं होगी।

3. इस आदेश में "घरेलू विद्युत उपकरण" से नीचे दी गयी अनुसूची में वर्णित कोई भी उपकरण अभिप्रेत है;

अनुसूची

क्रम० सं०	घरेलू विद्युत् उपकरण
1.	विद्युत् इमरशन जल उष्मायक
2.	संग्रहणी प्रकार के स्वचालित विद्युत् हीटर
3.	घरेलू एवं उसके समक्ष प्रयोजनों के लिये स्विच
4.	विद्युत् प्रेस
5.	विद्युत् स्टोव
6.	विद्युत् हॉट प्लेट
7.	घरेलू विद्युत् खाद्य मिश्रक (द्रव मिश्रक तथा ग्राईंडर)
8.	विद्युत् टोस्टर
9.	विद्युत् कॉफी परकोलेटर (बिना रेग्यूलेटर के)
10.	घरेलू और सामान्य प्रयोग के लिये विद्युत् केतली और जग।
11.	कपड़े धोने की घरेलू विद्युत् मशीन (बिना स्वचालित के)
12.	विद्युत् रेडिएटर
13.	पानी उबालने का विद्युत् यंत्र
14.	केश सुखाने का मुख्य परिचालित विद्युत् यंत्र।
15.	खाना पकाने के घरेलू विद्युत् ओवन
16.	मुख्य परिचालित विद्युत् शेवर
17.	स्टीम प्रैस
18.	घरेलू प्रयोग के लिये हीटिंग पैड के नम्य विद्युत् यंत्र।
19.	सुवाह्य मुख्य हस्तचालित मसाजर।
20.	सुवाह्य धीमी गति वाली खाद्य मिश्रक मशीन
21.	संयोजक उपकरण तथा लगाये हुए उपकरण (अप्रतिवर्ती प्रकार के, तीन पिन) संयोजक उपकरण
22.	संयोजक उपकरण तथा लगाये हुए उपकरण (अप्रतिवर्ती प्रकार के तीन प्रकार के पिन) प्रवेशिक उपकरण।
23.	विद्युत् जल हीटर के साथ प्रयुक्त थर्मोस्टेट।
24.	सोर्ला की तरह तापन अवयव।
25.	हीटिंग एलिमेंट के लिये प्रतिरोधक तार, पट्टियां तथा धारियां।
26.	अन्तःस्थापित प्रकार के ठोस हीटिंग एलिमेंट।
27.	खनिज से भरा आवृत्त हीटिंग एलिमेंट।
28.	विद्युत् ओवन के सामान्य प्रयोग के लिये थर्मोस्टेट।
29.	अभ्रक युक्त उष्मारोधी हीटिंग एलिमेंट
30	घरेलू तथा सामान्य प्रयोगों के लिये स्विच 2 ए, एम पी एस।
31.	विद्युत् के सुवाह्य लैंप स्टैंड तथा ब्रैकिट।
32	तीन पिन प्लग तथा सार्किट निगम।
33.	लचकदार सामान से बनाये हुए तीन पिन प्लग
34.	बेयोनेट लैंप होल्डर।
35.	क्षणिक पानी गर्म करने के लिये विद्युत् हीटर।
36.	एक सतही बेकिंक ओवन।

उपाबंध—"क"

निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 की धारा 17 के अधीन बनाए जाने वाले प्रस्तावित नियमों का प्रारूप

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ:—इन नियमों का संक्षिप्त नाम घरेलू विद्युत् उपकरण का निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1983 है।

2. परिभाषाएं:—इन नियमों में जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो,:—

(क) "अधिनियम" से निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) अभिप्रेत है;

(ख) "अभिकरण" से अधिनियम की धारा 7 के अधीन बम्बई, कलकत्ता, कोचीन, दिल्ली और मद्रास में स्थापित कोई निर्यात निरीक्षण अभिकरण अभिप्रेत है;

(ग) "परिषद्" से अधिनियम की धारा 3 के अधीन स्थापित निर्यात निरीक्षण परिषद् अभिप्रेत है;

(घ) "घरेलू विद्युत उपकरण" से इन नियमों से संलग्न अनुसूची-1 में वर्णित कोई उपकरण अभिप्रेत है।

3. निरीक्षण का आधार:—निर्यात के लिए घरेलू विद्युत उपकरणों का निरीक्षण यह देखने के विचार से किया जाएगा कि घरेलू विद्युत उपकरण अधिनियम की धारा 6 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त मानक विनिर्देशों अर्थात् राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय मानक तथा निर्यात निरीक्षण परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य निकायों के मानकों के अनुरूप है।

या

(क) यह सुनिश्चित करके किया जाएगा कि उत्पादों का विनिर्माण इस अधिसूचना के उपाबंध-1 में यथा विनिर्दिष्ट उत्पादन के दौरान आवश्यक क्वालिटी नियंत्रण का प्रयोग करके किया गया है।

या

(ख) इस अधिसूचना के उपाबंध-II में विनिर्दिष्ट ढंग से किए गए निरीक्षण और परीक्षण के आधार पर किया जाएगा।

4. निरीक्षण की प्रक्रिया:—(1) घरेलू विद्युत उपकरणों के परेषण का निर्यात करने का इच्छुक निर्यातकर्ता निर्यात संविदा या आदेश की एक प्रति के साथ संविदात्मक विनिर्देश का ब्यौरा देते हुए, अभिकरण को लिखित सूचना देगा जिससे अभिकरण नियम 3 के अनुसार निरीक्षण कर सके;

(2) घरेलू विद्युत उपकरणों का निर्यात करने के लिए जिनका विनिर्माण उपाबंध-I में अधिकथित उत्पादन के दौरान पर्याप्त क्वालिटी नियंत्रण का प्रयोग करके और परिषद् द्वारा इस प्रयोजन के लिए गठित विशेषज्ञों के पैनल द्वारा यह न्याय निर्णित करके कि उत्पादन के दौरान यूनिट में पर्याप्त क्वालिटी नियंत्रण क्रियें है किया गया है, निर्यातकर्ता उपनियम (1) में उल्लिखित सूचना के साथ यह घोषणा भी देगा कि निर्यात के लिए आशयित घरेलू विद्युत उपकरणों के परेषण का विनिर्माण उपाबंध-I में अधिकथित पर्याप्त क्वालिटी नियंत्रणों का प्रयोग करके किया गया है और परेषण इस प्रयोजन के लिए मान्यता प्राप्त विनिर्देशों के अनुरूप है।

(3) निर्यातकर्ता अभिकरण को निर्यात किए जाने वाले परेषण पर लगाए जाने वाले पहचान चिन्ह भी देगा।

(4) उपरोक्त उप-नियम (1) के अधीन प्रत्येक सूचना विनिर्माता के परिसर से परेषण के भेजे जाने से कम से कम सात दिन पूर्व दी जाएगी, जब कि उपनियम (2) के अधीन घोषणा सहित सूचना विनिर्माता के परिसर से परेषण के भेजे जाने से कम से कम तीन दिन पूर्व दी जाएगी।

(5) उप नियम (1) के अधीन सूचना और उपनियम (2) के अधीन घोषणा, यदि कोई हो की प्राप्ति पर अभिकरण :—

(क) विनिर्माण की प्रक्रिया के दौरान अपना यह समाधान कर लेने पर कि विनिर्माता ने उपाबंध-1 में अधिकथित पर्याप्त क्वालिटी नियंत्रणों का प्रयोग किया है और इस प्रयोजन के लिए मान्यता प्राप्त मानक विनिर्देशों के अनुरूप उत्पाद का विनिर्माण करने के संबंध में परिषद्/अभिकरण द्वारा जारी कि

गए अनुदेशों, यदि कोई हों, का पालन किया गया है, तीन दिन के भीतर यह घोषणा करते हुए, प्रमाण-पत्र जारी करेगा कि घरेलू विद्युत उपकरणों का परेषण निर्यात योग्य है जहां विनिर्माता निर्यातकर्ता नहीं है वहां भी परेषण का भौतिक रूप से सत्यापन किया जाएगा और ऐसा सत्यापन तथा या निरीक्षण यदि आवश्यक हो, अभिकरण द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा कि उपरोक्त शर्तों का पालन किया गया है।

अभिकरण निर्यात के लिए आशयित कुछ परेषणों की स्थल पर ही जांच करेगा और विनिर्माण एककों द्वारा अपनाई गयी उत्पादन के दौरान क्वालिटी नियंत्रण क्रियाओं की पर्याप्तता का सत्यापन करने के लिए नियमित अंतरालों पर विनिर्माण एकक में जाएगा। यदि यह पाया जाता है कि विनिर्माण एकक में विनिर्माण के किसी भी प्रक्रम पर अपेक्षित क्वालिटी नियंत्रण उपायों का प्रयोग नहीं किया गया है या परिषद्/अभिकरण की सिफारिशों का अनुपालन नहीं किया गया है तो यह घोषणा कर दी जाएगी कि यूनिट के पास उत्पादन के दौरान पर्याप्त क्वालिटी नियंत्रण क्रियाएं नहीं हैं। ऐसे मामलों, में, यदि यूनिट ऐसा चाहे तो उत्पादन के दौरान क्वालिटी नियंत्रण क्रियाओं की पर्याप्तता को बनाए रखने के बारे में अधिनिर्णय करने के लिए फिर से आवेदन करेगा।

(ख) जहां निर्यातकर्ता ने उपनियम (2) के अधीन यह घोषित नहीं किया है कि उपाबंध-1 में अधिकथित पर्याप्त क्वालिटी नियंत्रण का प्रयोग किया गया वहां वह अपना यह समाधान करने पर कि घरेलू विद्युत उपकरणों का परेषण इस प्रयोजन के लिए मान्यता प्राप्त मानक विनिर्देशों के अनुरूप है उपाबंध-II में यथा अधिकथित किए गए निरीक्षण और परीक्षण के आधार पर ऐसे किए गए निरीक्षण के सात दिन के भीतर यह घोषित करते हुए प्रमाण-पत्र जारी करेगा कि घरेलू विद्युत उपकरणों का परेषण निर्यात योग्य है:

परन्तु जहां अभिकरण का इस प्रकार समाधान नहीं होता है वहां वह घोषित करते हुए कि घरेलू विद्युत उपकरणों का परेषण निर्यात योग्य है, प्रमाण-पत्र जारी करने से इंकार कर देगा और ऐसे इंकार किए जाने की सूचना निर्यात कर्ता को उसके कारणों सहित सात दिनों के भीतर दे दी जाएगी।

(ग) उस दशा में, जहां विनिर्माता उपनियम (5) (क) के अधीन निर्यातकर्ता नहीं है या परेषण का उपनियम (5) (ख) के अधीन निरीक्षण किया गया है, वहां अभिकरण निरीक्षण की समाप्ति के पश्चात् तुरन्त परेषण में से पैकेजों को इस रीति से मुहरबंद करेगा कि जिससे यह सुनिश्चित हो जाए कि मुहरबंद पैकेजों में फेरबदल नहीं की जा सकती है। परेषण के अस्वीकृत किए जाने की दशा में यदि निर्यातकर्ता ऐसा चाहे तो परेषण, अभिकरण द्वारा मुहरबंद नहीं किया जाएगा परन्तु ऐसे मामलों में निर्यातकर्ता अस्वीकृति के विरुद्ध अपील करने का हकदार नहीं होगा।

5. निरीक्षण का स्थान :—इन नियमों के अधीन प्रत्येक निरीक्षण—

(क) ऐसे उत्पादों के विनिर्माता के परिसर पर, या (ख) उन परिसरों पर किया जाएगा कि जहां निर्यातकर्ता द्वारा माल प्रस्तुत किया जाता है परन्तु यह तब जब कि वहां निरीक्षण के लिए अपेक्षित सुविधाएं विद्यमान हों।

6. निरीक्षण फीस :—यथास्थिति विनिर्माताओं/निर्यातकर्ताओं द्वारा अभिकरण को निरीक्षण फीस निम्नानुसार दी जाएगी :—

(1) नियम 3 (क) के अधीन निरीक्षण करने के लिए न्यूनतम 20-रु० प्रति परेषण के अधीन रहते हुए, पोत-पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के 0.2% की दर से।

(2) नियम 3 (ख) के अधीन निरीक्षण करने के लिए न्यूनतम 20-रु० रुपए प्रति परेषण के अधीन रहते हुए, पोत-पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के 0.4% की दर से।

(3) (1) और (2) में दी गयी निरीक्षण फीस पर 10% की छूट उन लघु उद्योग एककों को दी जाएगी जो संबंधित राज्य सरकारों या संघ राज्य क्षेत्रों के पास रजिस्ट्रीकृत हैं।

7. मान्यता प्राप्त चिन्ह का चिपकाना और उसकी प्रक्रिया भारतीय मानक संस्था (प्रमाणन चिन्ह) अधिनियम, 1952 (1952 का 36) भारतीय मानक संस्था (प्रमाणन चिन्ह) 1955 और भारतीय मानक संस्था (प्रमाणन चिन्ह) विनियम, 1955 के उपाबंध निर्यात से पूर्व घरेलू विद्युत उपकरणों पर मान्यताप्राप्त चिन्ह या सील चिपकाने की प्रक्रिया के संबंध में यथा संभव लागू होंगे और इस चिन्हित घरेलू विद्युत उपकरण निर्यात से पूर्व नियम 3 के अधीन किसी भी निरीक्षण के अधीन नहीं होंगे।

8. अपील—(1) नियम 4 के उपनियम (5) के अधीन अभिकरण द्वारा प्रमाण-पत्र जारी करने से इंकार करने से व्यथित कोई व्यक्ति ऐसे इंकार किए जाने की सूचना प्राप्त होने के 10 दिन के भीतर इस प्रयोजन के लिए गठित विशेषज्ञों के पैनल को, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा नियुक्त कम से कम तीन और अधिक से अधिक सात व्यक्तियों से मिलकर बना होगा अपील कर सकेगा।

(2) पैनल में विशेषज्ञों के पैनल की कुल सदस्यता के दो-तिहाई सदस्य गैर-सरकारी होंगे।

(3) पैनल की गणपूर्ति तीन से होगी।

(4) अपील इसके प्राप्त होने के पन्द्रह दिन के भीतर निपटा दी जाएगी।

उपबंध—1

[नियम 3(क) देखिए]

विनिर्माता, घरेलू विद्युत उपकरण का क्वालिटी नियंत्रण इससे संलग्न अनुसूची-II में दिए गए नियंत्रण के स्तरों सहित अभिकथित उत्पादों के विनिर्माण, संरक्षण तथा पैकिंग के विभिन्न स्तरों पर निम्नलिखित नियंत्रणों को लागू करते हुए प्रयोग करेगा।

1 क्रय की गयी सामग्री तथा संघटकों का नियंत्रण :—(क) विनिर्माता प्रयुक्त किए जाने वाली सभी सामग्री या संघटकों की विशेषताओं और सह्यताओं सहित विस्तृत विमाओं को समाविष्ट करते हुए, क्रय विनिर्देश अधिकथित करेगा।

(ख) स्वीकृत परेषणों के साथ या तो क्रय विनिर्देशों की अपेक्षाओं की संपुष्टि करते हुए, उत्पादक का परीक्षण प्रमाण-पत्र होगा या ऐसे परीक्षण प्रमाण-पत्र के न होने पर क्रय विनिर्देशों से इसकी अनुरूपता की जांच करने के लिए प्रत्येक परेषण में से नमूनों की नियमित जांच की जाएगी उत्पादक के परीक्षण प्रमाण-पत्र की शुद्धता को सत्यापित करने के लिए पांच परेषणों में से कम से कम एक की पुनः जांच की जाएगी।

(ग) आने वाले परेषण का निरीक्षण और परीक्षण, सांख्यिकी नमूना योजना के अनुसार क्रय विनिर्देशों से अनुरूपता सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा।

(घ) निरीक्षण और परीक्षण किए जाने के पश्चात् दोषों के निपटाने तथा उचित पृथक्करण के लिए व्यवस्थित पद्धतियां अपनाई जाएंगी।

(ङ) ऊपर निर्दिष्ट नियंत्रणों के संबंध में पर्याप्त अभिलेख व्यवस्थित रूप से रखे जाएंगे।

2. प्रक्रिया नियंत्रण :—(क) विनिर्माता विनिर्माण की विभिन्न प्रक्रियाओं के लिए ब्यौरेवार प्रक्रिया, विनिर्देश अधिकथित करेगा।

(ख) प्रक्रिया विनिर्देशों में अधिकथित प्रक्रियाओं को नियंत्रित करने के लिए उपस्कर या उपकरणों की पर्याप्त सुविधाएं होंगी।

(ग) प्रक्रमित सामग्री की प्रक्रिया विनिर्देशों के साथ अनुरूपता की जांच के लिए नमूना (जहां कहीं अपेक्षित हो) अभिलेखित अन्वेषण पर आधारित होगा।

(घ) विनिर्माण की प्रक्रिया के दौरान अपनाए गए नियंत्रणों का सत्यापन करने के लिए पर्याप्त अभिलेख रखे जाएंगे।

3. उत्पाद नियंत्रण :—(क) मान्यता प्राप्त विनिर्देशों के अनुसार उत्पाद का परीक्षण करने के लिए विनिर्माता के पास या तो अपनी परीक्षण सुविधाएं होंगी या उसकी पहुंच वहां तक होगी जहां ऐसी परीक्षण सुविधाएं उपलब्ध हैं।

(ख) परीक्षण के लिए नमूना लिया जाना (जहां अपेक्षित है) अभिलिखित अन्वेषणों पर आधारित होगा।

(ग) विनिर्माता किए गए परीक्षणों के संबंध में पर्याप्त अभिलेख नियमित और व्यवस्थित रूप में रखेगा।

4. माप संबंधी नियंत्रण:—उत्पादन और निरीक्षण में प्रयुक्त मेजों और उपकरणों की कालिकजांक या अंशशोधन किया जाएगा और अभिलेख वृत्तकार्ड के रूप में रखे जाएंगे।

5. परिरक्षण नियंत्रण :—(क) विनिर्माता उत्पाद को मौसम के प्रतिकूल प्रभावों से सुरक्षित करने के लिए विस्तृत विनिर्देश अधिकथित करेगा।

(ख) उत्पादों को भंडारकरण और अभिवहन दोनों के दौरान अच्छी तरह से परिरक्षित किया जाएगा।

6 पैकिंग नियंत्रण —उत्पाद(दों) की पैकिंग तथा निर्यात किए जाने वाले पैकेजों के लिए विनिर्देश अधिकथित किए जाएंगे और उनका कठोरता से पूर्णतया पालन किया जाएगा।

उपाबंध-II

(नियम 3(ख) देखिए)

1. घरेलू विद्युत उपकरणों के परेषणों का निरीक्षण तथा परीक्षण यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा कि वे अधिनियम की धारा 6 के अधीन मान्यता प्राप्त मानक विनिर्देशों के अनुरूप हैं।

2. नमूना लेने और अनुरूपता के मानदण्डों के संबंध में संविदात्मक विनिर्देशों में किसी विशिष्ट अनुबंध के न होने की दशा में वहीं अनुबंध लागू होंगे जो नीचे दी गयी सारणी में अधिकथित हैं।

2.1 सारणी—1 में दिए गए लाटों में से चुने गए नमूनों के लिए सुसंगत राष्ट्रीय मानकों में दिए गए स्वीकृत परीक्षण किए जाएंगे और लाटों को सारणी-1 में दिए गए अनुरूपता के मानदंडों के आधार पर स्वीकृत किया जाएगा।

सारणी—1

नमूना आकार और पुष्टि के लिए मानदण्ड

लाट आकार	प्रथम नमूना	द्वितीय नमूना	स्वीकृत संख्या	प्रथम अस्वीकृत संख्या	द्वितीय अस्वीकृत संख्या
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
50 तक	5	5	0	2	2
51 से 100 तक	8	8	0	2	2
101 से 300 तक	13	13	0	2	2
301 से 500 तक	20	20	0	2	3
501 और अधिक	32	32	0	3	4

नोट :—लाट में एक परेषण में एक ही बनावट, माडल तथा प्रकार के एकत्रित किए गए सभी उपकरण अभिप्रेत हैं।

2.2 चुनाव की बेतरतीबी को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आई० एस० 4905-1968 में दी गयी प्रक्रिया का अनुसरण किया जाएगा।

2.3 सारणी-1 के स्तंभ-1 तथा II के अनुसार एक साथ चुने गए उपकरणों का अलग-अलग उपकरण विनिर्देश में विनिर्दिष्ट स्वीकृत परीक्षण किया जाएगा। कोई भी उपकरण स्वीकृत परीक्षणों में से किसी का भी समाधान करने में असमर्थ होता है तो उसे दोषपूर्ण समझा जाएगा। यदि नमूने में दोषों की संख्या स्वीकृत संख्या (स्तंभ 4 देखें) के बराबर या कम पाई जाती है तो लाट को अपेक्षाओं के अनुरूप समझा जाएगा और यदि नमूने में दोषों की संख्या पहली अस्वीकृति संख्या (स्तंभ 5-देखिए) के बराबर या अधिक है तो उसे अस्वीकृत कर दिया जाएगा। यदि दोषों की संख्या स्वीकृत संख्या और पहली अस्वीकृत संख्या के मध्य आती है तो उसी आकार का दूसरा नमूना (स्तंभ 3 देखिए) उसी समय लिया जाएगा और परीक्षण किया जाएगा। यदि दोषों की संख्या मिश्रित नमूनों में दूसरी अस्वीकृत संख्या (स्तंभ 6 देखिए) के बराबर या अधिक पाई जाती है तो लाट अस्वीकृत कर दिया जाएगा अन्यथा स्वीकृत कर दिया जाएगा।

2.4 निरीक्षण करने के पहले अभिकरण अपना समाधान कर लेगा कि प्रत्येक उपकरण पर ऐसे दैनिक परीक्षण जो कि सुसंगत मानक दिए गए हैं, नियंतिकर्ता विनिर्माता द्वारा परेषण पर कर लिया गया है।

2.5 विनिर्माता नियंतिकर्ता द्वारा निरीक्षण के लिए दिये गए एक ही प्रकार तथा दर के उपकरणों के बस निरन्तर परेषणों के (या एक वर्ष में कम से कम एक बार) एक में से दो नमूने लिए जाएंगे और मान विनिर्देशों में दिए गए अनुसार प्रकार परीक्षण किया जाएगा और दोनों नमूनों को प्रकार परीक्षण में पास होना चाहिए।

2.6 परीक्षण की पद्धति:—यदि निर्यात संविदा में अन्यथा विनिर्दिष्ट नहीं है तो परीक्षण प्रक्रिया सुसंगत राष्ट्रीय मानक विनिर्देश के अनुसार या भारतीय मानक विनिर्देशों का नवीनतम रूपान्तर होगी। अधिनियम की धारा 6 के अधीन मान्यता प्राप्त मानक विनिर्देश के अधीन नमूनों के सभी परीक्षण किए जाएंगे।

अनुसूची 1

क्रम सं०	घरेलू विद्युत उपकरण
1.	विद्युत इमरशन जल उष्मायक
2.	संग्रहणी प्रकार के स्वचालित विद्युत् हीटर
3.	घरेलू एवं उसके समरूप प्रयोजनों के लिए स्विच
4.	विद्युत् प्रेस
5.	विद्युत् स्टोव

क्रम सं०	घरेलू विद्युत उपकरण	क्रम सं०	घरेलू विद्युत उपकरण
6.	विद्युत् हॉट प्लेट	22.	संयोजक उपकरण तथा लगाए हुए उपकरण (अप्रतिवर्ती प्रकार के तीन प्रकार के पिन) प्रवेशिकक उपकरण।
7.	घरेलू विद्युत् खाद्य मिश्रक (ड्रय मिश्रक तथा ग्राईंडर)	23.	विद्युत् जल हीटर के साथ प्रयुक्त थर्मोस्टाट।
8.	विद्युत टोस्टर	24.	गोली की तरह तापन अवयव।
9.	विद्युत काफी परकोलेटर (बिना रेग्यूलेटर के)	25.	हीटिंग एलिमेंट के लिए प्रतिरोधक तार, पट्टियां तथा धारियां।
10	घरेलू और सामान्य प्रयोग के लिए विद्युत् केतली और जग।	26.	अन्तः स्थापित प्रकार के ठोस विद्युत् हीटिंग एलिमेंट।
11.	कपड़े धोने की घरेलू विद्युत् मशीन (बिना स्वचालित् के)	27.	खनिज से भरा आवृत्त फीटिंग एलिमेंट ।
12.	विद्युत् रेडिएटर	28.	विद्युत् ओवन के सामान्य प्रयोग के लिए थर्मोस्टट
13.	पानी उबालने का विद्युत् यंत्र	29.	अभ्रक युक्त उष्मारोधी हीटिंग एलिमेंट
14.	केश सुखाने का मुख्य परिचालित विद्युत् यंत्र	30.	घरेलू तथा सामान्य प्रयोगों के लिए स्विच 2 ए एम पी एस
15.	खाना पकाने के घरेलू विद्युत् ओवन	31.	विद्युत् के सुग्राह्य लैंप स्टैंड तथा ब्रेकिट।
16.	मुख्य परिचालित विद्युत् शेवर	32.	तीन पिन प्लग तथा साकिट-निर्गम।
17.	स्टीम प्रेस	33.	लचकदार सामान्य से बनाए हुए तीन पिन प्लग।
18.	घरेलू प्रयोग के लिए हीटिंग पैड के नम्य विद्युत् यंत्र।	34.	बेयोनेट लैंप होल्डर।
19.	सुग्राह्य मुख्य हस्तचालित मसाजर।	35.	अणिक पानी गर्म करने के लिए विद्युत् हीटर।
20.	सुग्राह्य धीमी गति वाली खाद्य मिश्रक मशीन।	36.	एक सतही बेकिंग ओवन।
21.	संयोजक उपकरण तथा लगाए हुए उपकरण (अप्रतिवर्ती प्रकार के तीन पिन) संयोजक उपकरण।		

अनुसूची-II

(उपाबंध 1 देखें)

नियंत्रण के स्तर

(उत्पाद के लिए लागू मान्य मानकों के सीमित परीक्षण)

क्रम सं०	निरीक्षण/परीक्षण की विशेषताएं	अपेक्षाएं	नमूना आकार	लॉट आकार	टिप्पण
1	2	3	4	5	6
1.	कच्ची सामग्री और खरीदे गए संघटक				
	(क) चाक्षुष निरीक्षण (कार्य कौशल और फिनिश सहित)	मानक विनिर्देशों के अनुसार	अभिलेखित अन्वेषणों के आधार पर नियत किया जाए ।		
	(ख) विमाएं (i) क्रान्तिक (ii) अन्य	मानक विनिर्देशों के अनुसार	अभिलखित अन्वेषणों के आधार पर नियत किया जाए	प्रत्येक लॉट	
	(ग) संघटकों के लिए विद्युत परीक्षण	मानक विनिर्देशों के अनुसार	अभिलिखित अन्वेषणों के आधार पर नियत किया जाए	प्रत्येक लॉट	
	(घ) अन्य कोई अपेक्षाएं	मानक विनिर्देशों के अनुसार	अभिलिखित अन्वेषणों के आधार पर नियत किया जाए ।	प्रत्येक लॉट	
2.	दैनिकी परीक्षण				
	सुसंगत मानक विनिर्देशों में दिए गए अन्य कोई परीक्षण तथा उपयुक्तता पर निर्भर होते हुए, विनिर्माण यूनिटों में उत्पादित प्रत्येक उपकरण पर दैनिकी परीक्षण किया जाएगा ।				
	(क) चाक्षुष जांच तथा निरीक्षण	मानक विनिर्देशों के अनुसार	प्रत्येक उपकरण		
	(ख) विद्युत घात से सुरक्षा	मानक विनिर्देशों के अनुसार	प्रत्येक उपकरण		

1	2	3	4	5	6
	(ग) उच्च वोल्टता परीक्षण (फ्लैश परीक्षण)	मानक विनिर्देशों के अनुसार	प्रत्येक उपकरण		
	(घ) उष्मारोधी प्रतिरोधी परीक्षण (शुष्क)	मानक विनिर्देशों के अनुसार	प्रत्येक उपकरण		
	(ङ) भू योजन संपर्क	मानक विनिर्देशो के अनुसार	प्रत्येक उपकरण		
3.	स्वीकृत परीक्षण उपयुक्तता पर निर्भर रहते हुए यहा नीचे वर्णित उपकरणों पर निम्नलिखित ग्राह्य परीक्षण किए जाएंगे ।				
	(1) विद्युत इमरशन जल उष्मायक	मानक विनिर्देशो के अनुसार	अभिलेखित अन्वेषणो के आधार पर नियत किया जाए ।		
	(i) उच्च वोल्टता				
	(ii) रिसाव करेंट				
	(iii) निवेश				
	(iv) तापमान सीमा				
	(v) नमी परीक्षण				
	(2) संग्रहणी प्रकार के स्वचालित विद्युत जल हीटर	मानक विनिर्देशों के अनुसार	अभिलेखित अन्वेषणों के आधार पर नियत किया जाए ।		
	(i) उच्च वोल्टता				
	(ii) दाब परीक्षण				
	(iii) मूल क्षमता				
	(iv) तापमान वृद्धि				
	(v) निवेश				
	(vi) स्थिर हानि				
	(vii) अंशकालिक डायल का विचलन				
	(3) घरेलू एवं उसके समक्ष प्रयोजनों के लिए स्विच	मानक विनिर्देशों के अनुसार	अभिलेखित अन्वेषणो के आधार पर नियत किया जाए ।		
	(i) उच्च वोल्टता				
	(ii) नमी प्रतिरोधता				
	(iii) सम्पर्क रोध तथा तापमान वृद्धि				
	(iv) उच्च वोल्टता तथा अधिक करेंट धारिता				
	(v) क्षमता परीक्षा				
